Naidunia (Indore), 29th June 2026, Page – 03

हुनर की कीमत आइआइटी इंदौर के विद्यार्थियों पर बरसे करोड़ों, विदेशी कंपनियों ने भी दिया प्रस्ताव

एआइ का कमाल... 10 छात्रों को 1.59 करोड़ का पैकेज

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर के 14वें दीक्षा समारोह में निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने प्लेसमेंट रिपोर्ट सार्वजनिक की। पहली बार बीटेक के 10 विद्यार्थियों को 1.59 करोड़ रुपये तक का वार्षिक पैकेज मिला है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के बढ़ते प्रभाव से सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) क्षेत्र में भारी बदलाव के बीच संस्थान के विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीकों में दक्षता हासिल कर यह उपलब्धि हासिल की है।

वैश्विक स्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों में कर्मचारियों की संख्या कम की जा रही है। ऐसे समय में संस्थान के विद्यार्थियों ने खुद को साबित करते हुए पारंपरिक तकनीकों के बजाय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ), डेटा एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग जैसी आधुनिक तकनीकों को सीखने पर जोर दिया। इन्हीं तकनीकों ने उन्हें एक करोड़ रुपये से अधिक के पैकेज दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्थान के अनुसार एक अन्य विद्यार्थी को भी 1.03 करोड़ रुपये वार्षिक पैकेज मिला है। आइआइटी इंदौर की प्लेसमेंट रिपोर्ट के अनुसार कंप्यूटर साइंस और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा। इन शाखाओं के विद्यार्थियों को एआइ, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग और अन्य तकनीकी क्षेत्रों से जुड़े बड़े रोजगार प्रस्ताव मिले हैं।

आइआइटी में आयोजित दीक्षा समारोह में विद्यार्थियों ने डिग्री और पदक के साथ बेहतर प्लेसमेंट भी प्राप्त किया। विद्यार्थी को सम्मानित करते अतिथि। ●नईदुनिया

औसत पैकेज में भी हुई बढ़ोतरी

आइआइटी इंदौर के अनुसार प्लेसमेंट प्रक्रिया अभी जारी है। इस वर्ष करोड़ों रुपये के पैकेज मिलने से बीटेक बैच का औसत वार्षिक पैकेज बढ़कर 27.8 लाख रुपये हो गया है। वर्ष 2025 में औसत पैकेज 24.5 लाख रुपये था, जबकि सर्वाधिक पैकेज 1.38 करोड़ रुपये रहा था। वहीं वर्ष 2024 के स्नातक बैच में सर्वाधिक पैकेज 64 लाख रुपये था। इस बार सर्वाधिक पैकेज में करीब 20 लाख रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

वित्तीय कंपनियों ने भी दिखाई रुचि

प्लेसमेंट में वित्तीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भी विशेष रुचि दिखाई। इन कंपनियों ने विद्यार्थियों को लाखों के वार्षिक पैकेज के साथ नियुक्ति दी। वित्तीय क्षेत्र की एक कंपनी ने भी एक विद्यार्थी को एक करोड़ रुपये से अधिक का पैकेज दिया है। निदेशक प्रो. सुहास जोशी के अनुसार, बीटेक बैच के पांच विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय कंपनियों से भी रोजगार प्रस्ताव मिले हैं।